6वीं एलीट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2022 प्रारंभ

चर्चा में क्यों?

20 दिसंबर, 2022 को भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम के मार्शल आर्ट भवन में 310 महिला मुक्केबाज़ों के बीच मध्य प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने 6वीं एलीट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2022 का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- चैंपियनशिप में पहले दिन अलग-अलग वेट कैटेगरी के कुल 27 क्वालीफाइंग मुकाबले हुए। पहले दिन मध्य प्रदेश बॉक्सिंग अकादमी की अंजलि शर्मा ने 45-48 किग्रा. की मिनिमम वेट कैटेगरी में आंध्र प्रदेश की ज्योति गोरली को 5-0 से हराकर प्रलिमिनरी राउंड क्वालीफाई किया। अकादमी की ही मंजू बामबोरिया ने 63-66 किग्रा. वेट कैटेगरी में अपना बाउट क्वालीफाई किया।
- तेलंगाना की अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाज़ निखत जरीन ने 48-50 किग्रा. फ्लाई वेट कैटेगरी में तमिलनाडु की एल. के. अभिनया को हराकर क्वालीफाई राउंड क्लियर किया। निखत ने आरएससी (रेफरी स्टॉप कॉन्टेक्ट्स) के ज़रिये ये बाउट जीता।
- 6वीं एलीट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2022 में देश की एशियाई मुक्केबाज़ी की गोल्ड मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन, विश्व जूनियर गोल्ड मेडलिस्ट निखत जरीन तथा अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित निया लाथेर और सिमरनजीत कौर जैसी दिग्गज मुक्केबाज़ पंच बरसाती नज़र आएंगी।
- इस चैंपियनशिप में मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग अकादमी की 12 बॉक्सर्स अलग-अलग वेट कैटेगरी में अपने पावर का प्रदर्शन करेंगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/6th-elite-women-boxing-championship-2022